an>

Title: Need to start work on Ratlam-Dungarpur via Banswara railway line project.

श्री मानशंकर निनामा (बांसवाड़ा) ः मैं माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत रतलाम-डूंगरपुर वाया बांसवाड़ा रेलवे परियोजना की ओर दिलाना चाहता हूँ। इस परियोजना पर कार्य काफी तेजी से चल रहा था, किंतु पिछले कुछ समय से कार्य बंद पड़ा हुआ है, जिससे वहां की जनता में रोष व्याप्त है।

राजस्थान के आदिवासी बहुल क्षेत्र बांसवाड़ा को रतलाम एवं डूंगरपुर से जोड़ने हेतु रेलवे द्वारा वर्ष 2014-15 में स्वीकृति दी गई थी तथा इसके लिए आवश्यक धनराशि का प्रबंध भी किया गया था। इस परियोजना को पूरा करने में राजस्थान सरकार भी सहभागी है तथा रेल मंत्रालय और राजस्थान सरकार के बीच हुए समझौता ज्ञापन के अनुसार इस परियोजना के लिए राज्य सरकार द्वारा भूमि उपलब्ध कराई जानी थी। इस परियोजना के लिए कुछ भूमि अधिगृहीत की जा चुकी है, जिसका मुआवजा भी दिया जा चुका है तथा कुछ हिस्से में मिट्टी संबंधी कार्य भी शुरू हो चुका है, परंतु धन की कमी के कारण बाकी भूमि अधिगृहीत नहीं हो पाई है, जिसके कारण कार्य में विलंब हो रहा है।

अतः मैं माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूँ कि रतलाम-डूंगरपुर वाया बांसवाड़ा रेलवे परियोजना का कार्य अविलंब शुरू कराया जाए, ताकि यह परियोजना समय पर पूर्ण हो सके।